**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
-------

## राज्यपाल ने सेना के ई0एम0ई0 साईकिल दल को झण्डी दिखाकर रवाना किया

लखनऊः 9 नवम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज सेना के इलेक्ट्रानिक्स एण्ड मैकेनिकल इंजीनियर्स काॅप्र्स के साईकिल दल 'जय भारत' इण्डियन अल्ट्रा साईकिलिंग मेम्बर्स को झण्डी दिखाकर आगे की यात्रा के लिये रवाना किया। साईकिल यात्रा दल में ले0कर्नल श्री विशाल अहलावत, कैप्टल श्री राहुल, श्री पी0 महापात्रा, श्री डी0 विनय, श्री पी0जे0 अब्राहम, श्री नगारे विनोद, श्री आर0एन0 शर्मा सम्मिलित थे। इस अवसर पर पर्यटन एवं महिला कल्याण मंत्री डाॅ0 रीता बहुगुणा जोशी भी उपस्थित थी।

इलेक्ट्रानिक्स एण्ड मैकेनिकल इंजीनियर्स काॅप्र्स की स्थापना के 'प्लेटिनिम जुबली वर्ष' के अवसर पर 1 ई0एम0ई0 सेंटर सिकन्दराबाद के साईकिल दल ने 15 अगस्त, 2018 से यात्रा प्रारम्भ कर 2 दिसम्बर, 2018 तक 120 दिनों में 7 सदस्य एवं 5 सहयोगियों के माध्यम से पूरे देश में 25,000 किलोमीटर की यात्रा का पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। साईकिल दल द्वारा अपनी इस यात्रा में कई नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। गिनीज बुक आफ वल्र्ड रिकार्ड में दर्ज पूर्व-पश्चिम तक सर्वाधिक तेज साईकिल यात्रा 10 दिन 19 घंटे 4 मिनट तथा लिम्का बुक आफ रिकार्ड में दर्ज उत्तर-दक्षिण सर्वाधिक तेज साईकिल यात्रा 14 दिन 4 घंटे में पूर्ण कर नये कीर्तिमान दर्ज किये हैं।

इस साईकिल दल द्वारा यात्रा के माध्यम से स्वस्थ, स्वच्छ, हरित, प्रदूषण मुक्त एवं खुशहाल भारत का संदेश देना तथा देश के प्रति सेना की राष्ट्रीय एवं सामाजिक प्रतिबद्धता है। साईकिल दल का उद्देश्य देश की रक्षा पर प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देना तथा युवाओं को सेना में सम्मिलित होकर देश सेवा के लिये प्रेरित करना भी है।

------

अंजुम/ललित/राजभवन (437/18)


JAI BHARAT
EME ULTRA CYCLING
FASTEST

